हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 ग्राम खुटेरी-अचौद में शुरू हुआ रामनाम सप्ताह महायज्ञ





11 अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में अनिवार्य ...






## खबर संक्षेप

### बाबा मोंहदीपाठ में नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

**बालोद/निकुम।** न्यास सिद्ध जय अर्चना मोंहदीपाठ व समस्त



ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा मोंहदीपाठ में लगातार 35 वें वर्ष चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। समिति अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि श्रध्दालु बड़ी संख्या में नवरात्रि में दर्शन पूजन करने दूर दराज व अंचल से ग्रामीण मंदिर आते हैं। चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

### धनोरा में श्रीमद् देवी भागवत कथा 30 से





**गुरूर।** ग्राम धनोरा में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक किया जाएगा। कथावाचक पंडित भगवती प्रसाद तिवारी तथा परायणकर्ता घनश्याम प्रसाद तिवारी होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च को श्री वेदी पूजन, श्रीमद् भागवत महत्म एवं कथा प्रसंग से होगी। 31 मार्च को चतुर्मुखी देवी, योगमाया, कुर्मासनदेवी, सत्यवती देवी, अम्बा यज्ञ कथा होगी। 1 अप्रैल को ब्रम्हाण की उत्पत्ति, भुवनेश्वरी, कुष्माण्डा, देवी बीज मंत्र की महिला का ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नगर पालिका बालोद में कर वसूली के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे अधिकारी-कर्मचारी

# वित्तीय वर्ष के केवल कुछ ही दिन शेष दूर की कौड़ी साबित हो रही कर वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नगर पालिका के समक्ष चालू वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में मांग लक्ष्य के अनुरूप बकाया करों की वसूली का कठिन लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष के 353 दिनों में नगर पालिका कुल मांग का अब तक बहुत कम कर ही वसूल सकी है। यह स्थिति तब है जब इस वर्ष नगरीय निकाय के चुनाव हुए हैं। जहां चुनाव लड़ने वाले, उनके प्रस्तावक, समर्थकों द्वारा सभी प्रकार के करों का भुगतान किया जा चुका है।

नगर पालिका ने चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न करों के रूप में 248.15 लाख की वसूली का लक्ष्य तय किया था, उसमे नगर पालिका 132.18 लाख रूपये ही वसूल सकी है। वहीं, पिछली मांग के 140.53 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक केवल 33.00 लाख ही वसूल पाई है। पिछली मांग के 107.53 लाख रूपए अब भी नगर पालिका को वसूलना है। वहीं, वर्तमान वर्ष के 115.97 लाख वसूली के लिए बाकी है। इस प्रकार नगर पालिका द्वारा कुल 388.68 लाख के मांग के विरूद्ध 165.18 लाख वसूले जा सके हैं। अब भी नगर पालिका मांग से 223.52 लाख रूपये से पीछे है।

**चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न करों के 248.15 लाख वसूलने थे**

**अब तक 132.18 लाख की की जा सकी है वसूली**







### कर वसूली के लिए अपनाए जा रहे कई तरीके, पर सब फेल

इधर, नपा के जिम्मेदारों का कहना है कि कर वसूली के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा वसूली के कई तरीके अपना रही है, लेकिन नागरिक समय पर करों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि नगरवासी अपने नगर की सरकार की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। नगर पालिका प्रशासन लगातार करों के भुगतान के लिए नगरवासियों से अपील कर रही है। शिविर लगा रही है एवं घरों तक भी पहुंच रही है, लेकिन नगरवासियों की भूमिका नकारात्मक दिख रही है, जिससे पालिका साल के मांग का आधा भी अब तक वसूल नहीं सकी है।

### विभिन्न मदों में लक्ष्य और अब तक वसूली

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका में वित्तीय वर्ष 2024–25 में संपत्तिकर की चालू मांग 63.63 लाख थी, पिछली मांग 30.64 लाख मिलाकर कुल 94.27 लाख रूपये वसूलना था। लेकिन, अब तक मात्र 35.50 लाख रूपए की वसूली हो सकी है। इस तरह संपत्तिकर के 61.77 लाख की वसूली इन 12 दिनों में करनी है। समेकित कर के रूप में नगर पालिका को इस वित्तीय वर्ष में 29.25 लाख की मांग थी। पिछली मांग 35 लाख को मिलाकर कुल 64.25 लाख का लक्ष्य था। जिसमें से मात्र 16.01 लाख की ही वसूली हो पाई है, इस तरह 48.24 लाख की वसूली बाकी है। जलकर के रूप में नगर पालिका को वित्तीय वर्ष 2024–25 में 56.87 लाख की मांग थी, पिछली मांग 50.26 लाभ मिलाकर कुल 107.13 लाख का जलकर वसूलना था, जिसमें अब तक 32.15 लाख वसूला जा सका है। अब भी 74.98 लाख का जलकर नगरवासियों ने नहीं पटाया है। नगर पालिका की दुकानों के किराए के रूप में इस वर्ष 21.73 लाख वसूली का लक्ष्य था, पिछली मांग 22.48 को मिलाकर कुल 44.21 लाख वसूली का लक्ष्य था, जिसमें मात्र 14.79 लाख रूपये वसूले जा सके हैं। अब भी किराया का 29.42 लाख की वसूली नगर पालिका को दुकानदारों से करना बाकी है।

# नपाध्यक्ष प्रतिभा ने किया पीआईसी का गठन, 5 पुरुष व 2 महिला पार्षद शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नगर पालिका में अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने अपनी पीआईसी का गठन कर लिया। पीआईसी ने 7 सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें वरिष्ठों एवं युवा पार्षदों को अवसर दिया गया है। 7 सदस्यों में 2 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल किए गए हैं। सभापति बनाए गए पार्षदों में से पांच पहली बार पार्षद बने हैं। वहीं, दो पहले भी पार्षद रह चुके हैं।

काउंसिल में सात विभागों की समीक्षा होगी। पीआईसी यानी प्रेसीडेंट इन काउंसिल अध्यक्ष द्वारा गठित की जाती है, जिसमें निर्वाचित पार्षदों को शामिल किया जाता है। इनमें उपाध्यक्ष कमलेश सोनी विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग देखेंगे। आवास पर्यावरण और लोक निर्माण वरिष्ठ पार्षद राजू पटेल देखेंगे। जल कार्य विभाग दीपक कुमार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रीतम यादव, राजस्व तथा बाजार विभाग श्याम यादव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं पुनर्वास नियोजन विभाग गोकुल ठाकुर, शिक्षा, महिला तथा बाल विकास विभाग पुष्पा साहू देखेंगी।



- पीआईसी में दो वरिष्ठ पार्षदों के साथ 5 नए सदस्यों को भी मिली जिम्मेदारी

### पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा शहर सरकार का मंत्रीमंडल : चेमन

पीआईसी मेम्बरों ने भाजपा संगठन का आभार जताया है, वहीं जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। विभाग प्रभारी के तौर पर चुने जाने के बाद पीआईसी मेम्बरों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि नगर की स्वच्छता, सुव्यवस्था और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए शहर सरकार का मंत्रिमंडल अपनी पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।







